हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 19 जून 2025

## वाड़ी में दिनदहाड़े लूट का पर्दाफाश
### महज दो घंटे में तीन आरोपी गिरफ्तार, 4.24 लाख नकद बरामद

**नागपुर.** वाड़ी के एमआईडीसी क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई लूट की सनसनीखेज वारदात को वाड़ी पुलिस ने महज दो घंटे में सुलझाकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से 4.24 लाख नकद, चाकू बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहम कॉर्पोरेशन प्रा. लि. कंपनी में कार्यरत वेदप्रकाश लजपतप्रसाद शुक्ला (31) कंपनी की कैश राशि 4,36,350 लेकर एचडीएफसी बैंक की वाडी शाखा में जमा करने जा रहे थे। तभी आंबेडकर नगर के पास स्थित स्मशानभूमि के कच्चे रास्ते पर तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें चाकू दिखाकर रोका और पैसे से भरी काली बैग लूटकर फरार हो गए। इस वारदात की शिकायत पर वाडी पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया।

## चाइल्ड हेल्पलाइन ने रामगढ़ में बाल विवाह रुकवाया



**कामठी/ नागपुर.**

शहर में प्रशासन को एक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। चाइल्ड हेल्पलाइन को मिली जानकारी के आधार पर संबंधित एजेंसियों सहित नवीन कामठी थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस विवाह को रोका। मिली जानकारी के अनुसार, चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना मिली थी कि शहर के रामगढ़ इलाके में एक 17 वर्षीय लड़के के साथ 22 वर्षीय लड़की की शादी की जा रही है। इस जानकारी को गंभीरता से लेते हुए, चाइल्ड हेल्पलाइन ने तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग, नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले और अन्य संबंधित विभागों को इसकी सूचना दी।

इस जानकारी के आधार पर, संबंधित एजेंसियों ने कामठी में धावा बोला और उपरोक्त विवाह की पुष्टि की। इसके बाद उन्होंने उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए इस विवाह को रुकवाया। ज्ञात हो कि सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन, एकात्मता बाल विकास प्रकल्प अधिकारी कार्यालय, ग्रामीण समस्या मुक्ति ट्रस्ट और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से नवीन कामठी पुलिस स्टेशन में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत एक पत्र दिया। नवीन कामठी थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के मार्गदर्शन में विवाह स्थल पर पहुंचकर दूल्हे का जन्म प्रमाण पत्र और पहचान पत्रों की जांच की।

जांच में लड़के के नाबालिग होने की पुष्टि होने पर तुरंत विवाह रोक दिया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मुश्ताक पठान और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के मार्गदर्शन में की गई। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले शासन द्वारा चाइल्ड केयर अवार्ड से सम्मानित भी किये गए हैं। इस कार्रवाई में दीप्ति मोरघडे, पूजा कांबले, मीनाक्षी धडाडे, ग्रामीण समस्या मुक्ति ट्रस्ट के कैलाश पडोले, मुख्यसेविका निमजे शामिल थे।

### अगले 20 वर्षों के विकास की रूपरेखा पर काम शुरू
## शहर के लिए नया मास्टर प्लान तैयार

**नागपुर.**





नागपुर महानगरपालिका ने आगामी 20 वर्षो के लिए नागपुर शहर का डेवलपमेंट प्लान तैयार करना शुरू कर दिया है। प्रस्तावित मास्टर प्लान के तहत मनपा ने शहर की सीमा भी तय कर दी है। मनपा ने हुडकेश्वर और नरसाला को नए मास्टर प्लान में जहां शामिल किया है, वहीं शामिल स्मार्ट सिटी, मेट्रो द्वारा विकसित किये जा रहे क्षेत्रों को बाहर रखा है। नए मास्टर प्लान के तहत अब मनपा आगामी दो दशकों के तहत शहर की बढ़ती जनसंख्या के लिए जरूरी नागरिक सुविधाओं के भूमि का आरक्षण कर सकेगी।

ज्ञात हो कि, करीब 25 साल बाद मनपा का नया मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। नागपुर महानगरपालिका ने शहर के समग्र और टिकाऊ विकास के लिए आगामी 20 वर्षो (2025–2045) तक का नया मास्टर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि, ताऊ नियमो अनुसार, हर 20 वर्षो में शहर का मास्टर प्लान तैयार किया जाता है। इससे पहले शहर का पिछला मास्टर प्लान 2001 में नागपुर सुधार प्रन्यास ने बनाया था। मनपा के बनाए जा रहे नए मास्टर प्लान के तहत इस बार 2013 में महापालिका क्षेत्र में शामिल किये गए नरसाला और हुडकेश्वर को भी जोड़ा गया है। 2001 के विकास रचना में इन इलाकों का समावेश नहीं था। अब इन्हें नए डीपी में समाहित किया गया है, जिससे शहर की सीमा भी बढ़ गई है। एक तरफ जहां नए क्षेत्रों को जोड़ा गया है, वहीं दूसरी तरफ नागपुर स्मार्ट सिटी, मेट्रो के विकसित किये जा रहे क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। मनपा की जारी सूचना के अनुसार, नए मास्टर प्लान में स्मार्ट सिटी प्रकल्प के अंतर्गत आने वाले, पारडी, पूनापूर, भरतवाडा, भांडेवाडी. महामेट्रो के अंतर्गत आने वाले. अजनी, अंबाझरी, जयताला, सोमलवाडा, इंदोरा, सिताबर्डी आदि सहित मिहान क्षेत्र को बाहर रखा गया है। इन क्षेत्रों के अपने स्वतंत्र विकास प्राधिकरण होने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

नए मास्टर प्लान के तहत महानगरपालिका आगामी 20 वर्षो के लिए जनसंख्या के अनुसार आधारभूत सुविधाओं का निर्माण करेगी। इन सब के निर्माण के लिए मनपा भूमि का आरक्षण तय करेगी। विकसित किये जा रहे इस मास्टर प्लान में निम्नलिखित आधारभूत सुविधाओं के लिए आरक्षण प्रस्तावित किया गया है. शासकीय और निजी स्कूलें, मुख्य सड़कों और संपर्क मार्गों का नेटवर्क, उद्यान, खेल मैदान और सांस्कृतिक भवन, जलस्रोत, ओवरहेड टैंक और जलकुंभ, इस मास्टर प्लान को जीआईएस आधारित तकनीक से तैयार किया जा रहा है, ताकि भविष्य के विकास को अधिक स्मार्ट, पर्यावरणोन्मुख और नागरिक केंद्रित बनाया जा सके। नए डीपी के तहत संपूर्ण शहर का नक्शा और आरक्षणों की सूची तैयार होने के बाद इसे सार्वजनिक किया जाएगा। इसके बाद 60 दिनों की अवधि में नागरिकों से सुझाव और आपत्तियां सुनी जाएंगी। प्राप्त सुझावों पर विचार के बाद अंतिम मसौदा तैयार किया जाएगा। प्रस्तावित अंतिम प्लान को नागपुर मनपा के सभागृह में चर्चा और मंजूरी के लिए रखा जाएगा। यहां से स्वीकृति मिलने के बाद इसे राज्य सरकार के शहरी विकास विभाग को अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। पूरी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में लगभग 2 साल का समय लग सकता है। नए डीपी में नागपुर सुधार प्रन्यास के पूर्व में विकसित की गई 7 योजनाओं को भी इस नए मास्टर प्लान में शामिल किया जा रहा है।

### क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई में चार गिरफ्तार
## बढ़ते हुक्का पार्लर बन रहे नशे और अपराध के अड्डे



**नागपुर.** शहर में धड़ल्ले से फल-फूल रहे हुक्का पार्लरों के खिलाफ नागपुर पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इन पार्लरों की आड़ में चल रही अवैध गतिविधियां न केवल युवाओं को गर्त में धकेल रही हैं, बल्कि ये स्थान अब नशाखोरी और जुए के अड्डे बनते जा रहे हैं। इससे ना केवल सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो रहा है, बल्कि शहर में अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में, नागपुर पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट-5 ने मंगलवार देर रात सीताबर्डी स्थित गौतमारे कॉम्प्लेक्स, लक्ष्मी भवन में संचालित एक अवैध हुक्का पार्लर पर छापा मारा। यह हुक्का पार्लर 'सेकंड फ्लोर कैफे' के नाम से चल रहा था, जहां फ्लेवर युक्त प्रतिबंधित तंबाकू का खुलेआम व्यापार किया जा रहा था। पुलिस कार्रवाई मंगलवार तड़के 1:00 बजे से 3:30 बजे के बीच हुई। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया. सनी विकास बोरकर (25), निवासी अंबेडकर नगर, धरमपेठ, हर्ष सुरेश खंडारकर (22), निवासी रामनगर, हिलटॉप, अर्पण रवि जामगड़े (19), निवासी हिलटॉप, सुदाम नगरी, ब्रिनाल सुधीर गवारे (20), निवासी अंबेडकर नगर, धरमपेठ पुलिस ने मौके से हुक्का पॉट्स, फ्लेवर युक्त तंबाकू उत्पाद, अन्य संबंधित सामग्री और नकदी जब्त की, जिसकी कुल कीमत 3,83,580 आंकी गई है। इस संबंध में सीताबर्डी थाने में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4(1), 5(1), 21 और महाराष्ट्र हुक्का पार्लर निषेध अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को जब्त सामग्री सहित आगे की कार्रवाई हेतु सीताबर्डी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस आयुक्त रविंदर कुमार सिंगल, संयुक्त आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी, अतिरिक्त आयुक्त (क्राइम) वसंत पर्देशी, डीसीपी (डिटेक्शन) राहुल माकणिकर और एसीपी (क्राइम ब्रांच) अभिजीत पाटिल के मार्गदर्शन में की गई।

### शहर के युवाओं पर मंडरा रहा गंभीर खतरा

*नागपुर में दिनों-दिन हुक्का पार्लरों की संख्या बढ़ती जा रही है। ये पार्लर अब केवल धुएं तक सीमित नहीं रहे, बल्कि नशे के नए अड्डे और अवैध गतिविधियों जैसे ड्रग्स और सट्टेबाज़ी के केंद्र बन चुके हैं। कम उम्र के छात्र और युवा इन जगहों पर खिंचते चले जा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि यदि समय रहते इन पर सख्त लगाम न लगाई गई, तो यह लत कई परिवारों को तोड़ देगी और अपराध की दर को और अधिक बढ़ाएगी। अब वक्त आ गया है कि प्रशासनिक सख़्ती के साथ-साथ समाज भी ऐसे हुक्का पार्लरों का बहिष्कार करे और युवाओं को जागरूक बनाए।*

## मनपा की सफाई व्यवस्था की खुली पोल...

### बड़ा ताजआबाद क्षेत्र की हालत बत से बत्तर



**नागपुर.**

मनपा प्रभाग 30 नेहरु नगर झोन क्र. 5. अंतर्गत, पिछले तीन वर्षो से लगातार आईएमआईएम पार्टी ने ताजआबाद शरीफ और ताजआबाद क्षेत्र से जुड़े बहुमुल्य अल्पसंख्यक बस्तियों को लेकर साफ़-सफाई के बारे में नागरिकों व्दारा मोर्चे व ज्ञापन के माध्यम से निवेदन पत्र देकर जानकारियां दि गई. उसके बावजूद साफ़-सफाई से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं निकला गया. क्षेत्र में जगह -जगह पर कचरों के ढेर दिखाई देते हैं. इन क्षेत्रो में झाड़ू लगाने वाले आते नही है. कचरे की गाड़ीया नियमित रूप से बस्तियों में नही आती और सिवर लाईन किसी ना किसी गल्ली रोड़ पर बहते नजर आते हैं. बारिश के पुर्व सिवरेज टाके और वेस्ट वाटर लाईन और ताजआबाद के नाले की सफाई तथा गारा किचड नही निकाला गया. ताजआबाद बस्ती हो या औलिया नगर, सिन्दबान, ठाकुर प्लाट, ताज अंम्मा कॉलोनी, सरताज कॉलोनी, याशिन प्लाट, तौहिद नगर, गौसिया कॉलोनी, मंगल प्लाट, निराला सोसायटी, ताज कॉलोनी, आझाद कॉलोनी, टेकडा झोपडपट्टी, देहली वाली अंमा दरगाह के सामने और पिछे की बस्ती में बारिश के चलते गंदगी का जगह-जगह जलजमाव को लेकर विक्रांल रुप धारण कर हर साल देखने को मिलता है. आने वाले दिनों में हज़रत बाबा ताजुद्दीन. र. ह. अलैह का सालाना उर्स अगले माहीने याने मोहर्रम में होने जा रहा है. लांखो की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने आते हैं. ऐसे स्थिति में नागरीकों का उर्स में श्रध्दालुओं को गंदगी का सामना करना पड़ेगा. दरबार से लेकर जुड़े अनेको अनेक क्षेत्रो में सरकार की अमृत योजना का काम सिवर लाईन के नाम से आधे-अधूरे काम हुए हैं. जगह-जगह रोडो पर जानलेवा खड्डे हैं. रोड समतल करने के काम भी नहीं किया गया है. ऐसे में इतनी गंभीर और जानलेवा समस्याओं के बावजूद, प्रशासक का रवैया उदासिनता जैसे नजर आता है. वक्त रहते नागरिकों की इन समस्याओं का समाधान नही किया गया तो विविध समस्याए सामने आ सकती है. वही एआईएमआईएम पार्टी महानगरपालिका पर मोर्चे की दस्तक देंगीं, यह जानकारी. एमआईएम पार्टी के. शहर प्रवक्ता इसहाक मन्सुरी ने दी है.











## अजनी केबल-स्टे ब्रिज का पहला चरण दिसंबर तक होने की उम्मीद



**नागपुर.** नागपुर के महत्वाकांक्षी अजनी केबल-स्टे ब्रिज के पहले चरण का निर्माण कार्य अब अक्टूबर 2025 तक पूरा होता नहीं दिख रहा है। परियोजना के लिए फंड जारी होने में हुई देरी को इस विलंब का मुख्य कारण बताया जा रहा है, जिससे निर्माण की गति पर सीधा असर पड़ा है। हालांकि, फंड मिलने के बाद निर्माण कार्य तेज कर दिया गया है। इसके तहत अब पहले चरण अक्टूबर के बजाय दिसंबर महीने में शुरू होने की उम्मीद है। महाराष्ट्र रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमआरआईडीसी) द्वारा निर्मित यह 333 करोड़ रुपये का छह-लेन का पुल, शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हालांकि, विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अब पहले केबल-स्टे ब्रिज के दिसंबर 2025 तक ही खुलने की उम्मीद है, जो मूल लक्ष्य से कम से कम दो महीने अधिक है। परियोजना में हो रही देरी के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। सबसे प्रमुख कारणों में से एक पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की कमी है। बताया जा रहा है कि फंड जारी होने में हो रही देरी ने निर्माण कार्य की गति को प्रभावित किया है। इसके अलावा, परियोजना के शुरुआती चरणों में कुछ डिज़ाइन अनुमोदन में भी देरी हुई, जिससे काम की शुरुआत में ही पिछड़ना पड़ा। यह नया पुल 125 साल पुराने ब्रिटिश-युग के अजनी पुल का स्थान लेगा, जिसे उसकी जर्जर हालत के कारण भारी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया था। नए केबल-स्टे ब्रिज को दो चरणों में बनाया जा रहा है ताकि पुराने पुल पर यातायात को बाधित किये बिना काम जारी रह सके। पहले चरण में एक तरफ का पुल पूरा होने के बाद, पुराने पुल को ध्वस्त कर दिया जाएगा और यातायात को नव निर्मित पुल पर मोड़ा जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण का काम शुरू होगा। महाराष्ट्र रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक मनोज जायसवाल ने कहा कि, "ब्रिज के काम पूरा होने में कई संस्था काम कर रही है। शुरुआत में डिजाइन सहित अन्य मंजूरी मिलने में समय लगा।

## पुलिस आयुक्त के हाथों 20 पुलिस कर्मियों को पदोन्नति

### परिवारों के साथ मनाया अविस्मरणीय दिन

**नागपुर.**



सेवा, समर्पण और अनुशासन के प्रतीक माने जाने वाले पुलिस विभाग में पदोन्नति एक ऐसा क्षण होता है, जो न सिर्फ उस कर्मी के लिए, बल्कि पूरे परिवार के लिए गर्व की बात बनता है। ऐसा ही एक गौरवशाली क्षण नागपुर पुलिस दल के 20 अमलदारों और 1 लिपिक के जीवन में तब आया जब उन्हें वरिष्ठ पदों पर पदोन्नत किया गया। 10 जून 2025 को पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल के कार्यालयीन आदेशानुसार, पोलिस नायक से हवालदार व हवालदार से सहायक फौजदार पदोन्नति आदेश जारी किए गए थे। इस आदेश के अनुरूप, बुधवार को दोपहर 2 बजे पुलिस भवन, 6वीं मंजिल के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक भव्य प्रमोशन समारोह आयोजित किया गया।

इस समारोह में स्वयं पुलिस आयुक्त डॉ. सिंगल की उपस्थिति में चयनित अमलदारों को पदोन्नति के प्रतीकस्वरूप स्टार एवं फीत लगाई गई। उन्होंने पदोन्नत अधिकारियों के परिजनों को भी आमंत्रित किया था, जिससे यह कार्यक्रम और भी भावनात्मक बन गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने संबोधित करते हुए कहा, “कर्तव्य पालन में संयम, अनुभव और कौशल का समन्वय सफलता की कुंजी है। पदोन्नति केवल अधिकार नहीं, बल्कि बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक है।

हम आशा करते हैं कि आप अपने नए पद के अनुरूप कार्य कर विभाग का गौरव और भी बढ़ाएंगे।” कार्यक्रम में कुल 7 सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, 12 पुलिस हवालदार, और 1 प्रमुख लिपिक को पदोन्नत किया गया। इस पदोन्नति में 4 महिला कर्मियों को भी शामिल किया गया, जिन्हें हवालदार के पद पर पदोन्नत किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित बच्चों ने उत्सुकता से पुलिस आयुक्त से बातचीत की, जो पूरे वातावरण को जीवंत बना गया। पहली बार ऐसा अनुभव कर रहे परिजनों के चेहरों पर गर्व और आनंद की झलक स्पष्ट थी।



# सलिल देशमुख की खाद पर 'लिंकिंग' बंद करने और नकली बीजों पर लगाम लगाने की मांग

## >कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**काटोल.**

बुआई के इस मौसम में किसानों को खाद और बीज की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता सलिल देशमुख ने बुधवार को मुंबई स्थित मंत्रालय में कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे से मुलाकात की और दो प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**मुख्य मांगें:**

**1.खाद पर 'लिंकिंग' व्यवस्था बंद की जाए:**

देशमुख ने कहा कि किसानों को ज़रूरत की खाद नहीं मिल रही है, और कंपनियां अब खाद की बिक्री को अन्य उत्पादों से "लिंक" करके बेच रही हैं।

उदाहरण के तौर पर, डीएपी खाद के साथ जबरन 100 बैग सल्फर खरीदने का दबाव दुकानदारों पर बनाया जा रहा है। इससे किसान और दुकानदार दोनों परेशान हैं। कार्रवाई के डर से दुकानदार भी यह खाद बेचने को तैयार नहीं हैं।

उन्होंने मांग की कि किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाए, बिना किसी शर्त या लिंकिंग के।

**2. नकली बीजों की बिक्री पर रोक लगे:**

देशमुख ने कृषि मंत्री को बताया कि बाजार में बड़े पैमाने पर फर्जी बीजों की बिक्री हो रही है।




पिछले वर्ष महाबीड़ संस्था के बीज फर्जी पाए गए थे, वहीं प्रतिबंधित किस्म की कपास के बीज खुलेआम बेचे जा रहे हैं।

उन्होंने मांग की कि फर्जी बीजों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाए और किसान हित में कठोर नियंत्रण व्यवस्था लागू हो।

**डीएपी और अन्य खाद की भारी मांग :** देशमुख ने बताया कि डीएपी, 10:26:26, 16:16:16, 14:35:14, 15:15:15 जैसे खादों की भारी मांग है, लेकिन बाजार में ये उपलब्ध नहीं हैं।

नागपुर जिले में डीएपी खाद की एक भी रैक नहीं आई है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं।

**सरकार से त्वरित हस्तक्षेप की मांग :** सलिल देशमुख ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि वे तुरंत हस्तक्षेप कर किसानों को राहत पहुंचाएं और खाद व बीज के इस संकट से निजात दिलाएं।

# हरदास स्कूल की 1982 बैच का 43 साल बाद भावनात्मक मिलन

**कामठी.**

यादों की गहराइयों में बसे स्कूली दिनों को ताज़ा करने वाला और रिश्तों की डोर को फिर से कसने वाला एक अनोखा अवसर हाल ही में अनुभव किया गया। हरदास हाई स्कूल से 1982 में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले पूर्व छात्रों का समूह 43 साल बाद फिर से एक साथ आया और अपने जीवन के अविस्मरणीय पलों को एक बार फिर जिया। इस गेट-टुगेदर का अवसर था। एलआईसी नागपुर शाखा में सह-व्यवस्थापक के पद पर कार्यरत हरदास हाई स्कूल के पूर्व छात्र राजन शेंडे और उनकी पत्नी कविता शेंडे की शादी की सालगिरह। राजन शेंडे ने अपने इस खास मौके पर रिश्तेदारों के बजाय स्कूली दोस्तों को साथ लेने का अनोखा फैसला किया, जिससे इस कार्यक्रम को एक अनोखा भावनात्मक रंग मिला। राजन शेंडे ने ग्रुप और व्यक्तिगत स्तर पर निमंत्रण के माध्यम से अपने सभी स्कूली दोस्तों को एक साथ बुलाया। 16 जून को शाम 7 बजे, तय स्थान पर सभी उपस्थित हुए और कभी साथ स्कूल में खेले, हंसे, पढ़े हुए



दोस्त-सहेलियाँ फिर से एक-दूसरे के गले मिल गए। सभी के चेहरे पर खुशी के आँसुओं से भरी आँखें, गले मिलने का शानदार क्षण और केक कटिंग के साथ प्यार भरा माहौल... ये सभी पल जैसे समय के पटल पर अंकित हो गए। राजन और कविता शेंडे पर फूलों की वर्षा हुई, और सभी दोस्तों ने उन्हें अपने प्यार भरे स्मृति चिन्ह भेंट किए। इसके बाद संगीत, नृत्य और मस्ती का कार्यक्रम शुरू हुआ। युवावस्था का जोश एक बार फिर जाग उठा। तालबद्ध गानों पर सभी ने खुलकर नृत्य किया। सभी ने अपनी यादें ताज़ा कीं और बचपन की दोस्ती के उन मासूम बंधनों को फिर से नए सिरे से संजोया गया. हरदास हाई स्कूल के पूर्व छात्रों में इस अवसर पर विजय शेलारे, जयचंद पाटील, राजेश नगरारे, राजेश भिवगडे, गौतम नितनवरे, अशोक नगरकर, मनोज चौरसिया, दिलेश धारगावे, सुधीर हाडके, महेंद्र डांगे, प्रकाश वासनिक, पत्रकार बंडू नारनवरे, प्रमोद बेलेकर, सिद्धार्थ मेश्राम, विश्वदीप वाघमारे, मंदा चंदनखेडे, ज्योती मेश्राम, ज्योती भोवते, संगीता डांगे, पौर्णिमा शेलारे, रंजना नारनवरे, गौतमा नगरारे, विना नगरकर, विशाखा हाडके, अनिता पाटील और शोभा भिवगडे शामिल थे। इस अविस्मरणीय आयोजन के लिए सभी की ओर से राजन शेंडे की विशेष सराहना की गई।

# रेती के अवैध कारोबार में पैसों के विवाद ने ली ग्राम पंचायत सदस्य की जान

## > सरपंच समेत मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**खापरखेड़ा.**

नागपुर जिले के पिपला डाक बंगला क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात में ग्राम पंचायत सदस्य की चाकू से बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह हत्या अवैध रेती के पैसों को लेकर हुए विवाद के चलते की गई। खापरखेड़ा पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित ग्राम सरपंच को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक की पहचान अतुल तुलसीराम पाटिल (32 वर्ष, निवासी पिपला डांब) के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में हिमांशु दिलीप कुंभलकर (19 वर्ष) और ग्राम सरपंच विष्णु कोकड़े का नाम सामने आया है। दोनों पर आईपीसी की धारा 302(49) और शस्त्र अधिनियम 4/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**पुलिस को मुखबिरी बना कारण :** जानकारी के अनुसार, अतुल और हिमांशु दोनों अवैध रेती व्यवसाय में सक्रिय थे। परंतु हिमांशु को शक था कि अतुल पुलिस को लगातार जानकारी देकर धंधे में अड़चनें पैदा कर रहा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। सरपंच विष्णु कोकड़े को भी इस झगड़े की जानकारी थी। पुलिस बयान के अनुसार, सरपंच ने हिमांशु को उकसाते हुए कहा था — "अतुल को हमेशा के लिए खत्म कर दो, हम कोर्ट और पुलिस में तुम्हारी मदद करेंगे।"



**पहले बुलाया, फिर की हत्या :** सोमवार रात हिमांशु ने अतुल को फोन कर मिलने बुलाया। अतुल उस समय एक होटल में अपने नाबालिग मित्र के साथ भोजन कर रहा था।

भोजन के बाद वह वलनी रोड पर हिमांशु से मिलने गया। वहां से दोनों अतुल की बाइक से कार वॉशिंग सेंटर की ओर रवाना हुए। उसी दौरान हिमांशु ने अचानक अतुल पर चाकू से हमला कर दिया। पहले गले पर वार, फिर छाती और जांघ में छह बार चाकू मारा। अंत में पत्थर से सिर कुचल दिया।

इस वारदात के प्रत्यक्षदर्शी मृतक के साथ मौजूद नाबालिग और एक अन्य मित्र बने। उन्होंने चिल्लाकर मदद की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**सावनेर पहुंच इलाज कराया, वहीं हुआ पर्दाफाश :** हत्या के बाद आरोपी हिमांशु अपनी बाइक से सावनेर के सरकारी अस्पताल पहुंचा, जहां चोटों का इलाज कराने के दौरान डॉक्टरों को शक हुआ। पूछताछ में हिमांशु ने हत्या की बात कबूल कर ली। इसके बाद सावनेर पुलिस ने खापरखेड़ा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हिमांशु को हिरासत में लिया और मंगलवार सुबह सरपंच विष्णु कोकड़े को भी गिरफ्तार कर लिया।

**मामला ले रहा राजनीतिक रंग :** मृतक अतुल, भाजपा नेता किशोर चौधरी का करीबी समर्थक था। हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया है। किशोर चौधरी और उनके समर्थकों ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। हालात को देखते हुए पिपळा डाक बंगला क्षेत्र में क्विक रिस्पॉन्स फोर्स को तैनात किया गया है।

**सबूत जब्त, जांच जारी :** पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू, मृतक और आरोपी की बाइक को जब्त कर लिया है। प्रथम दृष्टया यह घटना केवल व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं, बल्कि अवैध धंधों में शामिल राजनीतिक संरक्षण और सत्ता संघर्ष की ओर इशारा करती है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# कोंढाली नगरवासियों का सवाल – जल जीवन मिशन के नल से पानी कब मिलेगा?

## > सांसद और विधायक से हस्तक्षेप की मांग

**कोंढाली.**

जल जीवन मिशन के तहत हर घर को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कोंढाली नगर में ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण अधर में लटकी हुई है। योजना के दो साल बाद भी अधिकांश घरों में नल कनेक्शन नहीं जोड़े गए हैं, जिससे नागरिकों में भारी असंतोष देखा जा रहा है।

कोंढाली में सुधारित पेयजल योजना के अंतर्गत करीब 3364 घरों में जल आपूर्ति की जानी थी। नगर के 85% क्षेत्र में पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, परंतु इन पाइप लाइनों से अब तक जल आपूर्ति की शुरुआत नहीं हो सकी है। नागरिकों का सवाल है कि "हर घर नल" योजना के तहत नल तो बिछा दिए, लेकिन उनमें जल कब आएगा?नगरवासियों ने बताया कि पहले हैंडपंपों से पानी मिल जाता था, पर अब जल जीवन मिशन के नाम पर हैंडपंप भी बंद हो गए हैं और उनकी मरम्मत भी नहीं की जा रही है। इससे नागरिकों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। नगर पंचायत के प्रशासक धनंजय बोरीकर ने बताया



कि योजना ग्राम पंचायत के समय मंजूर हुई थी और कार्य भी शुरू हुआ, पर अब नगर पंचायत बनने के बाद इस कार्य में समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर नल कनेक्शन और सड़क मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

गौरतलब है कि जल जीवन मिशन का कार्य दो विभागों की देखरेख में हो रहा है — एक विभाग पाइपलाइन बिछाने और नल जोड़ने का काम देख रहा है, जबकि दूसरा पेयजल आपूर्ति का। लेकिन नल कनेक्शन और आपूर्ति के बीच की कड़ी टूट जाने से योजना का उद्देश्य अधूरा रह गया है।



नागरिकों द्वारा लगातार नगर प्रशासन से मांग की जा रही है कि योजना को जल्द अमल में लाया जाए। स्वप्निल व्यास, संजय राऊत, कमलेश गुप्ता, याकूब पठाण, प्रविण गोडबोले, अंसार बेग, नितीन ठवले, आकाश गजबे, प्रशांत खंते, बबलू भिसे, रजा पठाण, प्रज्वल धोटे, सदाप पठाण, अफसर हुसैन, आयुष्य पांडे और मोहित सेंगर सहित अन्य नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

कोंढाली में जल जीवन मिशन की यह धीमी रफ्तार आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। नागरिक अब सांसद और विधायक से उम्मीद कर रहे हैं कि वे हस्तक्षेप कर इस योजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करवाएं।

# मनोहर कुंभारे और आनंद राऊत का नागरिक सत्कार 21 को

**सावनेर.**

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त नागपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोहर कुंभारे (काटोल) और आनंद राऊत (रामटेक) का भव्य नागरी सत्कार समारोह 21 जून को शाम 5 बजे सावनेर के पामकोट लॉन में आयोजित



किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व द्वारा मनोहर कुंभारे और आनंद राऊत की नियुक्ति के उपलक्ष्य में हो रहे इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, डॉ. राजीव पोतदार, वरिष्ठ नेता दादाराव मंगले, डॉ. विजय धोटे, जिला उपाध्यक्ष किशोर चौधरी, प्रकाश टेकाड़े, रामराव मोवाडे, अशोक धोटे सहित कई प्रमुख नेता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए भाजपा सावनेर तालुका अध्यक्ष मंदार मंगले, नरेंद्र ठाकुर, शहर अध्यक्ष राजू घुगल, विनोद बागडे, तुषार उमाटे, सोनू नवधींगे, शंकरभाऊ पारवे, स्वप्निल परवे सहित कई कार्यकर्ता जोरशोर से तैयारी में जुटे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नागरिकों के उपस्थित रहने की संभावना है।

# मजदूरों का वेतन दबा रही डी.बी. जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी !

## > तीन महीने से तनख्वाह नहीं, मजदूरों के परिवार भुखमरी के कगार पर

**पारशिवनी.**

तहसील अंतर्गत पालोरा से कनना तक 23 किलोमीटर लंबे सीमेंट रोड के निर्माण कार्य में लगी डी.बी. जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी इन दिनों मजदूरों का शोषण करने के गंभीर आरोपों से घिर गई है। करीब 130 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे सैकड़ों मजदूरों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है।

बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से आए हेल्पर, वेल्डर, मैकेनिक, ऑपरेटर, वाहन चालक और अन्य मजदूरों को डी.बी. जैन कंपनी ने काम पर रखा है, लेकिन अब तीन महीने से इनकी मेहनत की कमाई रोक दी गई है।

**भुखमरी की नौबत, बच्चों की पढ़ाई पर असर :** कामगारों का कहना है कि वेतन न मिलने से उनके परिवारों को दो वक्त की रोटी जुटाने में भी परेशानी हो रही है। बच्चों की पढ़ाई, दवा और रोजमर्रा की जरूरतें तक पूरी नहीं हो पा रही हैं। कई मजदूर बिना वेतन लिए काम छोड़ चुके हैं और अपने गांव लौट गए हैं।

**कंपनी का रवैया गैरजिम्मेदाराना :** मजदूरों का आरोप है कि कई बार कंपनी प्रशासन से वेतन की मांग करने पर भी टालमटोल की जा रही है। भोजन और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी बेहद खराब स्थिति में दी जा रही हैं। इस अन्याय के खिलाफ मजदूरों ने







पारशिवनी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**प्रशासन भी मौन, विधायक से की गुहार :** पुलिस विभाग मामले को मजदूर-कंपनी का आंतरिक मामला बताकर पल्ला झाड़ रहा है। अब मजदूर विधायक से मिलकर न्याय की गुहार लगाने की तैयारी में हैं।

**जिलाधिकारी से सख्त कार्रवाई की मांग :** मजदूरों की मांग है कि जिलाधिकारी स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप करें और डी.बी. जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी को जल्द से जल्द उनका बकाया वेतन देने के निर्देश दें।

**चिकित्सा सुविधाओं का भी टोटा :** हाल ही में काम के दौरान घायल हुए मजदूर ज्ञानेश्वर फेडरर को अब तक कंपनी की ओर से किसी तरह की चिकित्सा सुविधा नहीं दी गई है। आज भी वे इलाज के लिए तरस रहे हैं।

**मजदूर ने क्या कहा :** "हम तीन महीने से मेहनत कर रहे हैं, लेकिन अब तक एक भी पैसा नहीं मिला। हमारे बच्चे भूखे सो रहे हैं, स्कूल नहीं जा पा रहे। सरकार और प्रशासन हमारी मदद करे।"

– **रामप्रसाद यादव, मजदूर (उत्तर प्रदेश)**

# क्राइम ब्रांच ने वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

## > 31 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद : अनुमानित कीमत 19 लाख 45 हजार

**नागपुर / कामठी.**

नागपुर पुलिस की क्राइम ब्रांच, यूनिट 1 ने वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल 31 चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत $19,45,000/- रुपये है। इस कार्रवाई में दो भाई, राहुल ठाकरे (खाकरे) और दिनेश खाकरे (ठाकरे) को कलम 303 (2) भा. न्याय संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया है।

ऐसे हुआ खुलासा कि, पोहवा नितिन वासनिक को एक गुप्त मुखबिर से सूचना मिली कि वाहन चोरी का आदतन अपराधी राहुल ठाकरे (खाकरे) नागपुर शहर के विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चुराकर अपने भाई दिनेश खाकरे (ठाकरे) को बेचने के लिए मु.पो. सातनेर, तह. आठनेर, जि. बैतूल (मध्य प्रदेश) ले जाता है।

दिनेश इन मोटरसाइकिलों को वहां के ग्रामीण किसानों को कम कीमत पर बेच देता है। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों से लिखित अनुमति लेकर क्राइम ब्रांच, यूनिट 1 के कर्मचारियों ने एक सरकारी वाहन और एक निजी चार पहिया वाहन से सातनेर, बैतूल के लिए प्रस्थान किया। आठनेर, बैतूल (मध्य प्रदेश) पुलिस स्टाफ की मदद से दिनेश खाकरे (ठाकरे) को उसके घर से हिरासत में लिया गया। उसके घर के आंगन




में खड़ी दो मोटरसाइकिलों के बारे में पूछताछ करने पर उसने कबूल किया कि ये वाहन उसके भाई राहुल ठाकरे ने चोरी करके बेचने के लिए दिए थे।

जब उससे बाकी चोरी की मोटरसाइकिलों के बारे में पूछा गया, तो उसने बताया कि उसने आसपास के गांवों के गरीब किसानों और मजदूरों को 15 और मोटरसाइकिलें कम कीमत पर बेची हैं। कुल 17 मोटरसाइकिलें आरोपी दिनेश ठाकरे के कब्जे से जब्त कर यूनिट कार्यालय, क्राइम ब्रांच, नागपुर लाया गया।

जब दिनेश से उसके भाई राहुल ठाकरे (खाकरे) के बारे में पूछताछ करने पर उसने बताया कि राहुल का अपना घर पांचझोपड़ा कॉर्पोरेशन स्कूल के पास, गली नंबर 2, मिनी माता नगर, पो. ठाणे. कलमना, नागपुर में है, लेकिन वह अपने घर पर नहीं रहता बल्कि घर के पास मोरे लॉज में रहता है। आरोपी दिनेश ठाकरे (खाकरे) को मोरे लॉज, कलमना ले जाया गया और लॉज की तलाशी ली गई, जहां राहुल ठाकरे (खाकरे) मिल गया। लॉज के नीचे खड़ी दो मोटरसाइकिलों के बारे में पूछने पर उसने बताया कि ये दोनों मोटरसाइकिलें उसने चोरी की थीं। जब उससे बाकी चोरी की मोटरसाइकिलों के बारे में पूछा गया, तो उसने नागपुर शहर के आसपास के गांवों में बेची गई कुल 12 मोटरसाइकिलें भी बरामद करवाईं।

दोनों आरोपियों से कुल 31 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं, जिनकी कुल कीमत $19,45,000/- रुपये है। जून माह में कुल 43 वाहन चोरी के मामले सुलझाए गए। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अपराध शाखा, नागपुर शहर ने जून माह में अब तक यूनिट नंबर 01 ने कुल 31 मोटरसाइकिलें, यूनिट नंबर 05 ने कुल 02 मोटरसाइकिलें और वाहन चोरी विरोधी दस्ते ने कुल 10 मोटरसाइकिलें जब्त कर वाहन चोरी के कुल 43 मामलों का खुलासा किया है।

उपरोक्त कार्रवाई पुलिस आयुक्त डॉ. रवीन्द्रकुमार सिंघल, संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी, अपर पुलिस आयुक्त, अपराध शाखा वसंत परदेशी, पुलिस उपायुक्त, अपराध शाखा (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर, सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. अभिजीत पाटील, अपराध शाखा नागपुर के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच, यूनिट क्र. 1के पुलिस निरीक्षक अमोल देशमुख, सहायक पुलिस निरीक्षक सचिन भोंडे, पुलिस हवलदार नितिन वासनिक, पुलिस हवलदार हेमंत लोणारे, पुलिस हवलदार रवि अहीर, पुलिस हवलदार सुनित गुजर, पुलिस हवलदार शरद चांभारे, पुलिस हवलदार योगेश वासनिक, पुलिस हवलदार विनोद देशमुख, पुलिस हवलदार सुशांत सोळंके, पुलिस हवलदार प्रीतम यादव, पुलिस हवलदार मनोज टेकाम, पुलिस हवलदार योगेश सातपुते, पुलिस कांस्टेबल स्वप्नील खोडके, पुलिस कांस्टेबल रविन्द्र राउत, पुलिस कांस्टेबल कुणाल गेडाम, वाहन पुलिस हवलदार योगेश सेलुकर, वाहन पुलिस हवलदार रविन्द्र खेडेकर, वाहन पुलिस कांस्टेबल नितिन बोपुलकर, वाहन पुलिस कांस्टेबल मंगेश बोरकुटेसहित पुलिस उपनिरीक्षक विवेक झिंगरे और साइबर टीम ने की है।

# लगातार बिजली कटौती से नागरिक परेशान

## > शिकायत के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई

**अमरावती.**

तूफानी बारिश, बढ़ी हुई उमस और गर्मी जैसी प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने और कम दबाव वाली बिजली आपूर्ति से नागरिकों में गुस्सा है और वे महाराष्ट्र वितरण कंपनी के खिलाफ गुस्से और आक्रोश में हैं। पिछले 8 दिनों में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शाम 7 बजे से रात 12 बजे तक बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। अधिकांश स्थानों पर कम दबाव वाली बिजली आपूर्ति के कारण पंखे, कूलर और एसी काम नहीं कर रहे हैं और नागरिक महाराष्ट्र वितरण कंपनी के नाम पर अपनी उंगलियां तोड़ रहे हैं। शहर में महाराष्ट्र वितरण कंपनी के 14 सब-स्टेशन हैं और यहां दिन में बिजली आपूर्ति बाधित होने की कम से कम 300 शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। फिर भी नागरिकों की पीड़ा कम नहीं हुई है।



यदि कोई बिजली बिल का भुगतान करने में विफल रहता है, तो महाराष्ट्र वितरण कंपनी उनकी बिजली आपूर्ति काट देती है। हालाँकि, चूँकि महाराष्ट्र वितरण कंपनी के पास स्वयं प्रभावी उपाय नहीं हैं और अपर्याप्त जनशक्ति के कारण, नागरिकों को होने वाली परेशानी और पीड़ा की जिम्मेदारी भी महाराष्ट्र वितरण कंपनी को लेनी चाहिए। बिजली आपूर्ति कैसे बनी रहेगी, इस पर हमें पूरा ध्यान देना चाहिए। एक बार बिजली आपूर्ति बाधित होने के बाद एक से डेढ़ घंटे तक स्थिर नहीं हो पाती। इसलिए नागरिकों ने मांग की है कि महावितरण अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाए और मानसून के दौरान नागरिकों को परेशानी से मुक्त करे।

शहर में कुछ घंटों में बिजली आपूर्ति बहाल हो जाती है। लेकिन, ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को पूरा दिन बिना बिजली के रहना पड़ता है। इसलिए शहर और जिले के अधिकांश तालुका, ग्राम पंचायत और नगर परिषदों में नागरिक लगातार बयानों और विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से महावितरण के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं और शहर कांग्रेस ने भी बयान के माध्यम से महावितरण को तत्काल उचित कदम उठाने की चेतावनी दी है।

जब बिजली चमकती है या तूफान में गड़गड़ाहट होती है, तो बिजली आपूर्ति बाधित होती है। महावितरण इस संबंध में सावधानी बरतते हुए हाथ खड़े कर रहा है। हालांकि, इसके पीछे मुख्य कारण कर्मचारियों की कमी है। वे इधर-उधर भागने के बजाय बिजली आपूर्ति बाधित करेंगे। जब माहौल शांत हो जाएगा, तो वे इसे धीरे-धीरे शुरू करेंगे। फिर चाहे नागरिकों को कितनी भी परेशानी क्यों न हो, महावितरण को इससे कोई लेना-देना नहीं है, नागरिकों ने अपना गुस्सा जाहिर किया है।

### नागरिकों क परेशानी का करना पड़ रहा है सामना

महावितरण के कार्यकारी अभियंता राजेंद्र घाटोले ने कहा, "नागरिकों को पता है कि उन्हें किस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, मरम्मत का समय बारिश के मौसम में पेड़ टूटकर तारों पर गिर जाते हैं। ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं। मरम्मत में समय लगता है। इसके लिए तूफानी बारिश जिम्मेदार है। अगर सिर्फ बारिश हो तो बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होती। नागरिकों को इस समय किस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यह हम जानते हैं।"

# घर से 4.5 लाख के गहने और नकदी चोरी करने वाली बहू गिरफ्तार

**हिंगनघाट.**



पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत आने वाले तरोड़ा पारधी बेड़ा इलाके में हुए एक चोरी के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। घर से नकदी और गहने चुराने वाली कोई और नहीं, बल्कि खुद बहू ही निकली। इस मामले में पुलिस ने बहू को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तरोड़ा पारधी बेड़ा निवासी शोभिता चरण भोसले ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर की अलमारी से अज्ञात चोर ने नकद राशि समेत कुल 4.50 लाख रुपये मूल्य का कीमती सामान चुरा लिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की।

डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) की टीम जब घटनास्थल पर पहुंची और गहन पूछताछ की गई, तब शक की सुई घर की बहू नेहा भोसले पर गई। पूछताछ में नेहा ने चोरी की बात कबूल कर ली। पुलिस को उसने बताया कि चोरी किया गया सामान उसने घर के पीछे सिंचाई विभाग की खाली पड़ी जमीन में पन्नी में छिपाकर रखा था। पुलिस ने मौके से ₹ 10,000 नकद और कुल ₹ 4.55 लाख मूल्य का कीमती सामान बरामद कर लिया।

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित और थानेदार देवेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में डीबी टीम के पुलिस उपनिरीक्षक सुनील राम, प्रशांत ठोंबेरे, राजेश शेंडे, आशीष नेवारे, मंगेश वाघमारे, रोहित साठे और महिला पुलिस कर्मी जूली मसराम शामिल थीं। पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से यह मामला सुलझाया गया, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा और भी मजबूत हुआ है।

# प्रियंका प्रकाश घोडे उतरेंगी चुनावी मैदान में, संत ज्ञानेश्वर वार्ड प्रभाग क्रमांक 4 से कर सकती हैं दावेदारी

## > इंजीनियरिंग शिक्षित महिला उम्मीदवार के रूप में जनता में बढ़ा विश्वास

**हिंगनघाट.**




राज्य में नगर पालिका चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद चुनावी संकेत और प्रशासनिक गतिविधियों ने राजनीतिक हलचलें भी तेज कर दी हैं। इसी बीच, संत ज्ञानेश्वर वार्ड प्रभाग क्रमांक 4 से प्रियंका प्रकाश घोडे के चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा जोरों पर है।

प्रियंका घोडे एक सिविल इंजीनियरिंग स्नातक हैं और उन्हें वार्ड में उच्च शिक्षित, जागरूक और कर्मठ महिला नेता के रूप में देखा जा रहा है। वे शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट से ताल्लुक रखती हैं और उनके पति प्रकाश घोडे पार्टी के युवा उपजिला प्रमुख हैं, जो कला और समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं। प्रकाश घोडे के साथ सामाजिक कार्यों में कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए, प्रियंका ने वार्ड की कई समस्याओं को समझा है और महिलाओं के मुद्दों पर आवाज उठाई है। नवनिर्मित वसाहत वाले इस वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है, जिन्हें दूर करने के लिए प्रियंका ने कई बार नागरिकों के साथ आंदोलन भी किया है। अगर इस बार भी यह वार्ड महिला आरक्षण में रहता है, तो शिवसेना उद्धव गुट की ओर से प्रियंका घोडे के नाम पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। पार्टी में उनका लगातार योगदान और क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें टिकट मिलने की संभावनाएं प्रबल हैं। प्रियंका प्रकाश घोडे ने स्पष्ट किया है कि यदि जनता ने उन पर विश्वास जताया, तो वे नागरिकों की बुनियादी आवश्यकताओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए वार्ड का संपूर्ण विकास करेंगी। उन्होंने बालासाहेब ठाकरे द्वारा बताए गए जनसेवा के मूल मंत्र को अपनाते हुए जनता की सेवा करने का संकल्प भी लिया है।

वार्ड की जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिला, तो प्रियंका प्रकाश घोडे नगर पालिका चुनाव में एक शक्तिशाली महिला उम्मीदवार के रूप में सामने आ सकती हैं।

# अंबिका सोशल फाउंडेशन की समाजहित पहल

## > चौथे चरण में सार्वजनिक स्थानों पर बेंच वितरित

**वर्धा.**



अंबिका सोशल फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए चौथे चरण में बोरगांव मेघे व जिले के अन्य हिस्सों में सार्वजनिक स्थानों पर बेंच वितरित की हैं। यह वितरण नागरिकों की मांग पर किया गया, ताकि मंदिरों, सार्वजनिक मैदानों और शालाओं में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों और नागरिकों को आराम की सुविधा मिल सके।

बोरगांव मेघे के वार्ड क्रमांक 6 स्थित सिद्धि विनायक मंदिर, शीतला माता मंदिर, सातपुते लेआउट एवं वार्ड क्रमांक 3 के गणेश नगर क्षेत्र के शनि मंदिर में बेंच लगाई गई। इसके अलावा शेकापुर बाई स्थित जिला परिषद प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों के लिए भी बेंच वितरित की गईं। इस अवसर पर अंबिका सोशल फाउंडेशन की कांचन सुखदेवे, सीमा कोटनाके, रविराज घुमे, होरेश्वर कोर्डे, रूपाली मरापे समेत बड़ी संख्या में नागरिक व महिलाएं उपस्थित रहीं। फाउंडेशन की अध्यक्ष अंबिका हिंगमिरे ने बताया कि मंदिर, स्कूल और खेल के मैदानों में बैठने की सुविधा न होने से लोगों को असुविधा होती है। इस सामाजिक समस्या को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है और यह मुहिम भविष्य में भी जारी रहेगी।यह कदम न केवल सुविधाएं उपलब्ध कराता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास भी है।

# बच्चू कडु ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका, गुरुवार को होगी सुनवाई

**अमरावती.**

अमरावती जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एडीसीसी) के अध्यक्ष बच्चू कडू ने अध्यक्ष और निदेशक पद से अपनी अयोग्यता को चुनौती देते हुए मुंबई हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ में याचिका दायर की है। याचिका पर कल यानी गुरुवार 19 जून को सुनवाई होगी।

बैंक के उपाध्यक्ष अभिजीत धेपे ने बताया कि, "तत्कालीन विभागीय संयुक्त रजिस्ट्रार चैतन्य नासारे की अदालत ने कडू को बैंक के अध्यक्ष और निदेशक दोनों पदों से अयोग्य घोषित कर दिया है। सोमवार 16 जून को यह निर्णय सार्वजनिक किया गया। इस बीच मंगलवार को, उस निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई।"

पिछले एक सप्ताह से, बच्चू कडू किसानों की कर्जमाफी के लिए राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की पवित्र स्थली गुरुकुंज मोजारी में अन्न बहिष्कार का विरोध कर रहे थे। इसलिए, शनिवार शाम को अपना अनशन तोड़ते ही उन्हें यहां रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऐसी स्थिति में, बच्चू कडू ने सोमवार को अस्पताल से प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट किया था कि वे सह-रजिस्ट्रार के आदेश को चुनौती देंगे। नासिक में विरोध प्रदर्शन के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने के लिए वहां की एमएलए-एमपी विशेष अदालत ने कडू को एक साल जेल की सजा सुनाई थी। इसी सजा के आधार पर, विभागीय सह-रजिस्ट्रार ने बच्चू कडू को अयोग्य घोषित कर दिया है। बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शिवकुमार दिघे की एकल पीठ ने 11 मार्च, 2025 को उक्त सजा को निलंबित कर दिया था।

## > आर्थिक सहायता व त्वरित ऋण की मांग: पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे

# कृषकों के दोहरे बुआई संकट पर सरकार करे सर्वेक्षण

**हिंगनघाट.**



वर्षा की अनियमितता के कारण किसानों को दोहरी बुआई के संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार व उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और बैंकों की सिबिल शर्त को रद्द कर त्वरित ऋण उपलब्ध कराने की मांग की है।

प्रा. तिमांडे ने उपविभागीय अधिकारी के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जून के प्रारंभ में मृग नक्षत्र की बारिश के आधार पर किसानों ने कपास व तुअर की बुआई की थी। लेकिन इसके बाद बारिश का अभाव रहा, जिससे खेतों में अंकुरित बीज सूखकर नष्ट हो गए। किसानों को दोबारा बुआई करनी पड़ रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक दयनीय हो गई है। उन्होंने कहा कि इस बार मौसम विभाग की भविष्यवाणी भी विफल रही। किसानों ने विश्वास कर बीज व खाद की खरीददारी की और बुआई की योजना बनाई। किंतु बारिश की कमी ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। काली मिट्टी में बोए गए उच्च गुणवत्ता के बीज मुरझा चुके हैं। अब किसान दोबारा बुआई के लिए साहूकारों पर निर्भर हो रहे हैं।

बैंकों द्वारा सिबिल स्कोर के आधार पर ऋण नहीं देने से किसानों को और भी अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्जमाफी का लाभ न मिलने के कारण भी किसान संकट में हैं। इस परिस्थिति में किसानों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है और आत्महत्या की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

प्रा. तिमांडे ने जोर देकर कहा कि सरकार को तत्काल कृषि सर्वेक्षण कराकर प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता देनी चाहिए और सिबिल शर्त को हटाकर उन्हें बैंक ऋण उपलब्ध कराना चाहिए, जिससे वे पुनः खेती कार्य प्रारंभ कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

# पहली तहसील स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन

## > 32 खिलाड़ियों ने जीते पदक, स्केटिंग खेल को मिला नया आयाम

**हिंगनघाट.**




क्रीड़ा भारती क्लब द्वारा प्रथम तालुका स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन दिनांक 15 व 16 जून को छत्रपति शिवाजी कॉटन मार्केट, में किया गया। इस आयोजन में अध्यक्ष श्री ठाकुर सुशांतसिंह गेहेवार का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय अतिथियों सतीश तिमांडे, सुनंदा नरूले, सारिका डोंगरे, विनोद कुसुरकर, विनोद नंदुरकर, प्रशांत लेदाडे व रविंद्र शेंडे सर – के करकमलों से संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में हिंगनघाट के कुल 32 स्केटर्स ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों ने पदक जीतकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, बाधा दौड़ और समूह स्पर्धाएं आयोजित की गईं। विभिन्न आयु वर्गों में पदकों का आंकड़ा कुछ इस प्रकार रहा:

कुल मिलाकर खिलाड़ियों ने 46 स्वर्ण, 42 रजत और 36 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।




अंपायर की भूमिका में फैजान शेख, आशीष वदारे, रंजीत जीवने, कबीर गौरी, वेदांत घोड़मारे, नम्रता दुबे, जावेरिया शेख, शुभम तुलंगे, पिंटू धारकर, निर्मेश शेंडे, भूषण वंजारी, सायली जामखुठे और आरुषि लेडे ने सक्रिय योगदान दिया।

खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व कोच श्री ठाकुर सुशांतसिंह गेहेवार, निशांत येखंडे व रूपाली शिरसागर को दिया।

यह आयोजन वर्धा जिले के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ, जिससे यह आशा की जा रही है कि स्केटिंग में और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी भविष्य में उभरेंगे।

स्कूली खेलों में स्केटिंग एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें तीसरी कक्षा से ही खिलाड़ी भागीदारी कर सकता है। कोच ठाकुर गेहेवार जैसे समर्पित प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में युवा खिलाड़ियों को नई दिशा मिल रही है। यह प्रतियोगिता में स्केटिंग खेल के भविष्य को और मजबूत करने वाली साबित होगी।

# बंद किए गए ट्रेन स्टॉप बहाल करने की मांग

## > सांसद अमर काले को सौंपा गया ज्ञापन

**हिंगनघाट.**



वर्धा-बल्लारशाह यात्री संघ द्वारा रेलवे स्टेशन पर बंद किए गए ट्रेनों के ठहराव को बहाल करने और नई ट्रेनों की सुविधा शुरू करने की मांग को लेकर सांसद अमर काले को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह मुलाकात नांदोरी चौक पर संपन्न हुई, जहां संघ के पदाधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों को हो रही समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की।

ज्ञापन में कहा गया है कि हिंगनघाट एक प्रमुख औद्योगिक शहर है जिसकी आबादी लगभग दो लाख है, लेकिन महामारी के दौरान बंद हुई ट्रेन सेवाएं अभी तक पुनः शुरू नहीं की गई हैं। इससे न केवल नागरिकों को कार्य, शिक्षा और चिकित्सा जैसी आवश्यक जरूरतों के लिए यात्रा करने में कठिनाई हो रही है, बल्कि आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं.आदि ट्रेनों को हिंगनघाट में ठहराव देने की मांग की है। इसके साथ ही बल्लारशाह-मुंबई और काजीपेठ-पुणे एक्सप्रेस का प्रतिदिन संचालन शुरू करने, काजीपेठ-अजनी पैसेंजर ट्रेन को तत्काल बहाल करने तथा भुसावल-वर्धा पैसेंजर ट्रेन का विस्तार बल्लारशाह तक करने की भी मांग की गई है। इस अवसर पर वर्धा-बल्लारशाह यात्री संघ के संगठक राजेश कोचर, अध्यक्ष दिलीप बालपांडे, सचिव डी.के. गुरनुले, पूर्व नगरसेवक मनीष देवले, सतीश धोबे व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सांसद अमर काले ने यात्रियों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे इस विषय को रेल मंत्री और संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे, जिससे व आसपास के नागरिकों को शीघ्र ही फिर से सुविधाजनक रेल सेवाएं मिल सकें।

# जून का आधा महीना बीता, लेकिन अभी तक किसानों को नहीं बंट सका कर्ज

**यवतमाल.**



जिले में किसानों को खरीपा की बुआई से पहले फसली ऋण मिल जाए, इसके लिए अप्रैल में ही फसली ऋण वितरण शुरू कर दिया गया था। ऐसे में जबकि जिले में किसान बुआई की कगार पर हैं, ऐसा नहीं लगता कि खरीपा के लिए फसली ऋण वितरण आधा भी पहुंचा है। चूंकि अभी तक मात्र 40 प्रतिशत फसली ऋण ही वितरित हो पाया है, इसलिए हजारों किसान अभी भी खरीपा फसली ऋण से वंचित हैं।

जिला प्रशासन ने इस वर्ष खरीपा के लिए 2 लाख 19 हजार भू-धारक किसानों को 2200 करोड़ रुपए का फसली ऋण वितरित करने की योजना बनाई थी। इसके लिए सभी बैंकों को लक्ष्य दिया गया था। उस समय कहा गया था कि 15 जून तक सभी किसानों को फसली ऋण उपलब्ध हो जाना चाहिए। लेकिन हकीकत में 15 जून के बाद भी अभी तक मात्र 40 प्रतिशत किसानों को ही फसली ऋण वितरित हो पाया है। इसलिए 60 प्रतिशत किसान अभी भी फसली ऋण से वंचित हैं।

बैंकों ने अब तक 85 हजार किसानों को 875 करोड़ रुपये का फसली ऋण वितरित किया है। इसलिए करीब डेढ़ लाख किसान सदस्य अभी भी फसली ऋण मिलने का इंतजार कर रहे हैं। बैंकों को फसली ऋण वितरण के संबंध में जिला स्तर पर हर आठ सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि इस संबंध में हर सप्ताह समीक्षा की जा रही है, लेकिन बैंकों का कहना है कि बैंकों का बढ़ा हुआ एनपीए फसली ऋण वितरण में बाधा बन रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में बैंकों द्वारा लिए गए फसली ऋणों की संख्या में वृद्धि हो रही है। हालांकि, उस अनुपात में किसानों द्वारा बैंकों को ऋण की अदायगी लगातार कम होती जा रही है। इसलिए पिछले कुछ वर्षों में बैंकों का एनपीए लगातार बढ़ता जा रहा है और अब 32.56 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह राशि करीब 2200 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसलिए कहा जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में बकाया फसली ऋणों के कारण बैंकों को नए फसली ऋण वितरित करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### बैंकों का एनपीए 32.56 प्रतिशत पर पहुंचा

ऋण अदायगी के लिए किया जाएगा जागरूक इस समस्या से निपटने और बढ़े हुए एनपीए को कम करने के लिए प्रशासन भी उनकी मदद कर रहा है। इस बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए तहसील स्तर पर हर तहसील कार्यालय में बैनर लगाए जाएंगे। साथ ही कहा गया है कि हर गांव में जागरूकता पैदा की जाएगी ताकि किसान नियमित रूप से ऋण वितरित करें। जिले में किसानों को फसल ऋण वितरित करने में सबसे आगे रहने वाले जिला केंद्रीय बैंक ने इस साल भी बड़ी मात्रा में फसल ऋण वितरित किया है। इस बैंक ने अपने लक्ष्य का 61 प्रतिशत पूरा करते हुए 413 करोड़ रुपये का फसल ऋण वितरित किया है। इसके बाद ग्रामीण बैंक ने लक्ष्य का 54 प्रतिशत यानी 104 करोड़ रुपये का फसल ऋण वितरित किया है। इसलिए ऐसा लगता है कि ये दोनों बैंक ऋण वितरण में सबसे आगे हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग रैली और शिविर का आयोजन

**हिंगनघाट.**




योग के प्रति जनजागृति और जीवन में योग के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करने हेतु अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अभिनव विचार मंच एवं पतंजलि परिवार के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रविवार, 19 जून 2025 को आयोजित होगा।

यह योग रैली सुबह 7:00 बजे निखाड़े भवन, नंदोरी रोड से आरंभ होकर निखाड़े भवन, नंदोरी चौक, डॉ. आंबेडकर स्कूल चौक, बस स्टॉप, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक, सुभाष चौक, कारंजा चौक, तुकड़ोजी चौक, झांसी रानी चौक, संत कंवरराम भवन, बस स्टॉप चौक, नंदोरी चौक होते हुए पुनः निखाड़े भवन पर समाप्त होगी।

इस भव्य रैली में शहर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों के नागरिकों के सम्मिलित होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, योग को जन-जन तक पहुँचाने और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु 17 जून से 21 जून 2025 तक प्रतिदिन सुबह 5.15 से 7.30 बजे तक निखाड़े मंगल, नंदोरी रोड पर योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन भी किया गया है।

यह आयोजन अभिनव विचार मंच, पतंजलि परिवार हिंगणघाट, नारायण सेवा मित्रपरिवार तथा हम भारतीय मित्रपरिवार द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस स्वास्थ्यवर्धक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### नानीबाई कावले



**वर्धा.** वर्धा के रामनगर स्थित संत कवरराम धर्मशाला के पास निवासी ग.भा. नानीबाई चंपतराव कावले (उम्र 91) का वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया। वर्धा श्मशानभूमि पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पीछे चार बेटियां, एक बेटा और नाती-पोतों सहित भरा-पूरा परिवार है।

# खासदार सांस्कृतिक महोत्सव समिति का उपक्रम

## विदर्भ स्तरीय खंजरी भजन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी

## राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के भजनों का होगा गुणगान



**नागपुर.** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूज्य राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के भजनों पर आधारित विदर्भ स्तरीय खंजरी भजन प्रतियोगिता आयोजित की है। यह प्रतियोगिता 16 और 17 जुलाई 2025 को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक संताजी ऑडिटोरियम, सोमवारी क्वार्टर, सक्करदरा, नागपुर में आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन खासदार सांस्कृतिक महोत्सव समिति द्वारा किया गया है और प्रतियोगिता के अवसर पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के भजनों का गुणगान किया जाएगा। इस खंजरी भजन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मंडलियों को 12 मिनट की अवधि में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की पारंपरिक धुनों के साथ-साथ ज्ञानवर्धक और देशभक्ति से जुड़े विषयों पर आधारित 2 भजन प्रस्तुत करने होंगे। भजन मंडली में अधिकतम 12 लोगों के भाग लेने की संभावना है। भजन करते समय, संगीत मंडली में तबला, हारमोनियम, ताल के साथ खंजरी का होना अनिवार्य है। यह प्रतियोगिता विदर्भ स्तर की है और विजेता भजन मंडलियों को नकद पुरस्कार दिये जाएंगे। इस प्रतियोगिता का भव्य समापन शुक्रवार, 18 जुलाई को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उसके बाद शाम 6 बजे नितिन गडकरी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे। खंजरी भजन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 19 जून से 2 जुलाई तक ऑफलाइन आवेदन भरे जा सकते हैं। आवेदन व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करने के लिए खासदार सांस्कृतिक महोत्सव समिति ने नितिन गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय खामला (0712 -2727127), गुरुदेव सुपर बाजार विश्वकर्मा नगर (ज्ञानेश्वर रक्षक - 9823966282) या श्री गुरुदेव सेवा मंडल सुभाष रोड (अशोक यावले - 9822265268, राजेश कुंभलकर - 9623786100) से संपर्क करने की अपील की है।

### विजेता टीम को 1 लाख का पुरस्कार

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 1 लाख रुपए नकद, उपविजेता टीम को 71 हजार रुपए, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 51 हजार रुपए, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले को 41 हजार रुपए, पंचम स्थान प्राप्त करने वाले को 31 हजार रुपए, छठवें स्थान प्राप्त करने वाले को 21 हजार रुपए तथा सातवें स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा 10 टीमों को 5-5 हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

# अब्दुल जावेद के जन्मदिन पर पुस्तक वितरण आयोजन 100 बच्चों को मिली किताबों की सौगात



**नागपुर.** आज के डिजिटल युग में जहां बच्चे मोबाइल और स्क्रीन की ओर आकर्षित हो रहे हैं, वहीं समाज में पुस्तक संस्कृति को पुनर्जीवित करने का एक सराहनीय प्रयास किया गया। नृत्य प्रशिक्षक और समाजसेवी अब्दुल जावेद ने अपने जन्मदिन (15 जून) के अवसर पर लगातार तीसरे वर्ष पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन माता नगर चौक, भिवापुर वार्ड में संपन्न हुआ, जहां नर्सरी और जूनियर केजी के कुल 100 बच्चों को अंग्रेजी भाषा, चित्रकला, लेखन और कहानियों से संबंधित आकर्षक किताबें वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि जगाना और किताबों से आत्मीयता बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे डेबू सावली वृद्धाश्रम के संचालक समाजसेवी सुभाष भाऊ शिंदे, भिवापुर वार्ड के नागरिक हनुमान चांदेकर, मधुकर वाहने, मोहम्मद गाजी, एम.आर. कांबले, और आत्माराम बोरकर। अतिथियों ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए जीवन में पुस्तकों के महत्व और सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कुमारी उमेमा शेख ने कुशलता से किया। इस आयोजन की सफलता में अहम योगदान देने वालों में राहुल सलामे, रितिक कातकर, रजनीकांत माऊलीकर, गोपी देवांगन, अनुज पारचाके, उत्तम पाटिल, अनिल कांबले, प्रवीण ताकसांडे, अमोल गोडघाटे, हर्षदीप करमरकर, अहमद शेख, धर्मपालसिंह ठाकुर, सुरेश मसराम, सफिया शेख, अहद शेख, अतुल परचाके और मोनू देवांगन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

अब्दुल जावेद ने इस अवसर पर कहा, 'हर साल जन्मदिन पर खुशियां बांटना मेरा मकसद है, और बच्चों को किताबें देकर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर प्रेरित करना इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।' यह कार्यक्रम न केवल एक सामाजिक पहल रहा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान और संस्कार से जोड़ने की दिशा में एक मजबूत कदम भी सिद्ध हुआ।

# 'एक रोटी गौमाता के नाम' अभियान की शुरुआत

## घर-घर जाकर होगा गौग्रास संग्रहण



**सौंसर.** सेवा संभव संस्थान एवं नगर गौसेवक टीम द्वारा निराश्रित गौमाताओं और पशुओं की सेवा के लिए एक नई पहल की शुरुआत की गई है। 'एक रोटी गौमाता के नाम' अभियान के अंतर्गत अब नगर में एक विशेष गौग्रास संग्रहण वाहन घर-घर जाकर लोगों से गौमाता के लिए रोटी एकत्र करेगा। यह वाहन गौभजन बजाते हुए नगरवासियों के द्वार तक पहुंचेगा और लोग स्वेच्छा से रोटियाँ दान कर सकेंगे, जिन्हें गौशाला में पहुंचाकर गौमाताओं को खिलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सड़कों पर रोटियाँ फेंकने की बजाय संगठित रूप से गौसेवा से जोड़ना है। नगर के सक्रिय गौसेवक वैष्णव खंडाइत ने जानकारी दी कि अक्सर लोग अपनी क्षमता अनुसार रोटियां बनाकर सड़कों पर छोड़ देते थे, जिससे कभी-कभी गंदगी और अव्यवस्था फैलती थी। अब यह रोटियां सीधे जरूरतमंद गौमाताओं तक सुरक्षित पहुंचेंगी। इस सेवा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एक विशेष सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग गौसेवा से जुड़ सकें। इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में सेवा संभव संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह यादव का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने वाहन की व्यवस्था कराई है और आश्वासन दिया है कि गौसेवा से जुड़ी किसी भी आवश्यकता में संस्थान द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा। नगरवासियों से इस अभियान में भागीदारी की अपील करते हुए गौसेवक टीम ने कहा कि यह सिर्फ सेवा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना का भी हिस्सा है। इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे प्रमुख सदस्यों में वैष्णव खंडाइत, विशाल धकाते, राहुल लाड़से, रेशु खंडाइत, ऋषिकेश येलमुले, आदित्य दवंडे, गणेश गौतम, आशु वाडेकर, पंकज लोणारे, राजू लोणारे, प्रदीप बिघाने, राजेश उपासे, पीयूष बड़वाईक, राम अकोटकर, राम शेंद्रे, लाला पवार, अमित पवार, सुमित पवार एवं शिवराय संगठन सहित कई सेवाभावी संगठनों के सदस्य शामिल हैं। यह पहल न केवल नगर में गौसेवा को नई दिशा देगी, बल्कि लोगों में जिम्मेदारी और धार्मिक भावना को भी प्रोत्साहित करेगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उद्यमी प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न



**नागपुर.** धरमपेठ महिला औद्योगिक सहकारी समिति, खामला शाखा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग अभ्यास, स्वास्थ्य जागरूकता सत्र, तथा उद्यमी प्रमाण पत्र वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीतिताई कामड़ी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है।" उन्होंने महिलाओं को पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखने हेतु उपयोगी सुझाव दिए, जिनसे उन्हें भविष्य में निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योगाभ्यास आयुष मंत्रालय के योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार कराया गया, जिसे सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक संपन्न किया। इस आयोजन के दौरान कल्पतरु महिला औद्योगिक सहकारी समिति के माध्यम से सरकारी उद्यमिता प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उद्यमी प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। समारोह की अध्यक्ष नीलिमा बावने ने अपने उद्बोधन में कहा, "महिलाओं को हर क्षेत्र में कार्य करना चाहिए।

यदि कार्य और परिवार में संतुलन बना लिया जाए, तो महिलाएं कहीं भी पीछे नहीं रहेंगी।" कार्यक्रम में सचिव अनघा मुले, निदेशक कल्पना अडकर, माया हाड़े, छाया शुक्ला, प्रतिभा वैरागड़े, विना खेवले, और कविता देशमुख की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन छाया शुक्ला ने किया, परिचय माया हाड़े द्वारा दिया गया, अध्यक्षीय मार्गदर्शन नीलिमा बावने ने प्रदान किया, और धन्यवाद ज्ञापन सचिव अनघा मुले ने प्रस्तुत किया। इस आयोजन ने महिलाओं में स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित किया और समाज में उनकी सशक्त भागीदारी को और अधिक मज़बूती प्रदान की।

# कैरियर एकेडमी के विद्यार्थियों ने नीट और आईआईटी में रचा इतिहास

## श्रेया लोखारे जिला टॉपर



**सौंसर.** कैरियर एकेडमी, सौंसर ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों की परंपरा को कायम रखते हुए नीट यूजी 2025 और आईआईटी एडवांस्ड 2025 की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। संस्था की मेधावी छात्रा श्रेया लोखारे ने नीट यूजी में 720 में से 523 अंक प्राप्त कर पांढुर्ना व छिंदवाड़ा जिले में टॉप किया है। यह सौंसर नगर सहित पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। वहीं एक और प्रतिभाशाली छात्रा केशरी ठाकरे ने नीट में 478 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। आईआईटी एडवांस्ड परीक्षा में भी कैरियर एकेडमी की छात्रा ज्योति मुंडाफले ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सीआरएल 1154 (एससी श्रेणी) रैंक प्राप्त कर सौंसर का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि जिले में विज्ञान और तकनीकी शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और गुणवत्ता को दर्शाती है। इस अवसर पर कैरियर एकेडमी के डायरेक्टर अनुराग चांडक ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी सफलता का श्रेय समर्पित टीचिंग स्टाफ, प्रबंधन टीम, और छात्रों की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम संस्था के प्रतिबद्ध मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की लगन का प्रतीक है। संस्था की ओर से सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। कैरियर एकेडमी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित प्रयास, सही मार्गदर्शन और सतत अभ्यास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## कुपोषण से लड़ने की पहल

# मेलघाट में मानव दूध बैंक की स्थापना

**अमरावती.** रोटरी क्लब ऑफ नागपुर विजन और महान ट्रस्ट की ओर से 22 जून को सुबह 10 बजे महात्मा गांधी जनजातीय अस्पताल (प्रसूति वार्ड), कर्मग्राम, उतावली, धारनी मेलघाट में आरसीएनवी मानव दूध बैंक केंद्र (कुपोषण को कम करने के लिए यशोदा माता स्तनपान केंद्र) स्थापित कर रहा है। मानव दूध बैंक केंद्र एक जीवनरक्षक पहल है जो नवजात शिशुओं, विशेष रूप से समय से पहले जन्मे और कम वजन वाले शिशुओं को सुरक्षित, दान किया गया स्तन दूध उपलब्ध कराएगी, जिन्हें चिकित्सा या अन्य कारणों से उनकी माताओं द्वारा स्तनपान नहीं कराया जा सकता स्तन का दूध प्रतिरक्षा के निर्माण, शिशु मृत्यु दर को कम करने और जीवन के शुरुआती दिनों में स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। आदिवासी और वंचित क्षेत्र मेलघाट में इस केंद्र की स्थापना का बहुत महत्व है। इस क्षेत्र ने ऐतिहासिक रूप से मातृ और बाल स्वास्थ्य देखभाल में चुनौतियों का सामना किया है, विशेष रूप से कम वजन वाले शिशुओं और गंभीर कुपोषण का बहुत अधिक प्रचलन है। इस पहल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। डॉ. कविता सातव ने 24 वर्ष पहले धारणी में एक गर्भवती महिला की डिलीवरी कराई और 15 दिन तक उस बच्चे को अपना दूध पिलाया, क्योंकि उस गर्भवती महिला को दूध नहीं आ रहा था। उन्होंने उस बच्चे की जान बचाई। हमने यह कहानी अपने गांव के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बताई, जिन्होंने अपना दूध दान करके कई बच्चों की जान बचाई। हमारे गोद लिए गए गांवों में इस अवधारणा को स्वीकार किया गया और कई दानकर्ता माताएं दूसरे बच्चों की जान बचाने के लिए आगे आईं। हमने इसे यशोदा माता तकनीक का नाम दिया। केंद्र सीधे तौर पर कमजोर नवजात शिशुओं का समर्थन करेगा, जीवित रहने की दर में सुधार करेगा और आदिवासी माताओं को बेहतर नवजात देखभाल के लिए जागरूकता प्रदान करके सशक्त बनाएगा। हम सरकार, स्वैच्छिक संगठनों और निजी प्रैक्टिस के गठजोड़ और समुदाय से भी सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं.

# सौर ऊर्जा से रोजगार और प्रशिक्षण के नए द्वार खुलेंगे: लोकेशचंद्र




**अमरावती.** राज्य में मुख्यत सौर ऊर्जा के चलते पारंपरिक ऊर्जा से हरित ऊर्जा की ओर संक्रमण की गति तेज हुई है। आगामी पांच वर्षों में राज्य की विद्युत उत्पादन की स्थापित क्षमता में 38 हजार मेगावाट हरित ऊर्जा का और इजाफा होने जा रहा है। विभिन्न सौर योजनाओं के माध्यम से हरित ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 3 लाख 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश तथा 7 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। ऐसे में कुशल व प्रशिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता के लिए बेरोजगार महिलाओं और युवाओं को प्रशिक्षण देना तथा इस प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, ऐसा मत महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेशचंद्र ने बुधवार को नासिक में व्यक्त किया।

महाराष्ट्र सौर कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत महावितरण, एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) और मिटकॉन के संयुक्त सहयोग से नासिक के एकलहरे स्थित मुख्य प्रशिक्षण एवं सुरक्षा केंद्र में पहले सौर कौशल प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन लोकेशचंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच पर कोकण क्षेत्र के उपप्रबंध निदेशक दिलीप जगदाले, संचालक (संचालन/ परियोजना) सचिन तालेवार, संचालक (मानव संसाधन) राजेंद्र पवार, कार्यकारी संचालक प्रसाद रेशमे उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण सत्र में महावितरण की प्रशिक्षु (अप्रेंटिस) के रूप में कार्यरत 57 युवतियों को प्रथम अवसर दिया गया है।

छह दिवसीय इस प्रशिक्षण में उन्हें मुख्यतः सौर पैनल की स्थापना, मरम्मत, नियमित देखभाल आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर लोकेशचंद्र ने प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने राज्य के इस पहले सौर प्रशिक्षण सत्र में सभी प्रशिक्षार्थियों के रूप में महिलाओं को अवसर मिलने पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि भविष्य में हरित ऊर्जा में निवेश और रोजगार की संभावनाएं तीव्र गति से बढ़ेंगी, ऐसे में एडीबी, महावितरण और मिटकॉन का यह संयुक्त प्रशिक्षण उपक्रम अत्यंत सराहनीय है। लोकेशचंद्र ने कहा कि वर्तमान में राज्य में विद्युत उत्पादन की स्थापित क्षमता 36 हजार मेगावाट है, जो वर्ष 2030 तक 38 हजार मेगावाट हरित ऊर्जा सहित 45 हजार मेगावाट और बढ़ेगी। इससे राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 13% से बढ़कर 52% हो जाएगी, जिसमें सौर ऊर्जा का सर्वाधिक योगदान रहेगा।

## कार्यकर्ता बैठक बनी संकल्प और ऊर्जा का संगम

# सौंसर में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान




**सौंसर.** सौंसर की पावन भूमि पर कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत एक ऐतिहासिक और ऊर्जा से परिपूर्ण भव्य कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंजुला मंगल भवन सौसर में संपन्न हुआ, जिसमें कांग्रेस के हजारों समर्पित कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं संगठन से जुड़े प्रतिनिधि एकजुट होकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के पूर्व सांसद व एआईसीसीआब्जर्वर आदरणीय अब्दुल खालिके ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा, "यह समय संगठन को मजबूत करने और राहुल गांधी को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करने का है।' बैठक में मौजूद प्रमुख नेताओं में शामिल थे, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी, जिला समन्वयक भागवत महाजन ठाकरे, सेंधवा विधायक मोंटू (भैय्या) सोलंकी, सौसर विधायक विजय चौरे, सौसर पर्यवेक्षक प्रीतम पटेल, पांढुर्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके, पूर्व को-ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विजय पाटिल चौधरी, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष अशोक पाटिल चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष युवराज पाटिल जिचाकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं ने जननायक और पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय कमलनाथ जी के 45 वर्षों के राजनीतिक अनुभव और नेतृत्व क्षमता को श्रद्धांजलि स्वरूप स्मरण किया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 379-9 | 457-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 450-9 | 389-0 |

